Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 11-10-2022 | अंक 369

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### वज्रपात से एक की मौत



बरकट्ठा थाना अंतर्गत चुगलामो पंचायत के केंदुवा में मंगलवार शाम हुई वज्रपात में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का पहचान मेहताब कुरैशी उम्र 32 वर्ष पिता सफीक मियां बहरगडा पंचायत सरमा बाजार, बहरागर्रा जिला गया (बिहार) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बरही शाकरी मोहल्ला (कोनरा) में रहकर अपना जीवन यापन कर रहा था। मंगलवार को त वह अपना निजी काम से तुर्कबाद तरफ गए हुए थे। वहीं लौटने तुर्कबाद से लौटने के क्रम में वज्रपात होने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### मुखिया रीना देवी ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए बिजली विभाग को दिया आवेदन



बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों मुखिया रीना देवी ने बिजली विभाग को आवेदन देते हुए कहा की बैरीसाल गांव के हरिजन टोला में लगा 25 केवी ट्रांसफार्मर पांच दिन पहले जल गया। जिससे पूरा गांव में अंधेरा पसरा हुआ है और बच्चे अपना पढ़ाई नही कर पा रहे है। उक्त ट्रांसफार्मर में लगभग सौ से ज्यादा उपभोक्ता है, ओवरलोड होने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया। जिसे बदली कर 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

### बरही डिफेंस एकेडमी में सोमवार से नया बैच हुआ प्रारंभ, नामांकन जारी



बरही हजारीबाग रोड में स्थित बरही डिफेंस एकेडमी में सोमवार से नया बैच प्रारंभ हो गया। संस्थान के निदेशक रोहित कुमार यादव ने बताया की हमारे संस्थान में डिफेंस से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कराई जाती है। जहां 10 अक्टूबर से नामांकन जारी हो गया। इच्छुक अभ्यर्थी ज्यादा जानकारी के लिए 8709962329 पर संपर्क कर सकते है।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के आरोपी की चार माह बाद भी नही हों पाई गिरफ्तारी, पीड़िता को मिल रही है धमकी

## पीड़िता ने एसपी को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार, गिरफ्तारी की मांग





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के एक गांव में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता को अब तक न्याय नही मिला है। घटना 11 जून 2022 की है। पीड़िता के बयान एवं लिखित आवेदन पर आरोपी महुगाढा निवासी 20 वर्षीय मो मकसूद पर दुष्कर्म के सुसंगत धाराओं एव पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। लेकिन घटना के चार माह बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोग उनके केश उठाने की धमकी दे रहे हैं। इस बाबत पीड़िता ने हज़ारीबाग़ एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में पीड़िता ने पुलिस पर उदासीनता एवम ढिलाई देने का आरोप लगाई है। कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रति पुलिस गंभीर नही है। उन्होंने एसपी से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी कर उन्हें सजा दिलाकर न्याय दिलाने की मांग की है। हालांकि इस केश के अनुसंधानक एसआई बबिता कुमारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लगातार छापामारी की जा रही है। लोकेशन भी ट्रेस कराया जा रहा है। वारंट भी निर्गत किया गया है। जल्द भी आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। फरार रहने के मामले में कुर्की जब्ती की भी कार्रवाई की जाएगी।

APEM WELFARE FOUNDATION
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)
Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305
Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

Registration Date : 10th Oct. to 20th Oct. 2022 Reg. Fee : Rs. 500/-

Training Place : 1. APEM Trust Hospital, New Colony, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
2. Tathagat Hospital, Near Jheel Restaurant, Urwan, Koderma

Forms Available on : APEM Trust Hospital & RS Enterprises, Bakri Bazar, Barhi.

Time of Course : 90 days Form's Timing : 10 AM to 04 PM

For any Further Query, Contact us or visit us.

दिनांक: 11-10-2022

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संं0: 02

## सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचना 20 सूत्री का मुख्य कार्य : उमाशंकर अकेला

### विधायक ने 20 सूत्री कार्यालय का किया उद्घाटन, 20 सूत्री के अधिकार एंव कर्तव्य को बताया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मंगलवार को बरही प्रखंड कार्यालय में 20 सूत्री कार्यनवान समिति के प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा को विधायक ने माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। अब 20 सूत्री के माध्यम से सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर काम किया जाएगा। सरकारी योजना का लाभ योग्य एवं पात्र लोगों को मिले , इसकी पूरी ख्याल रखी जायेगी। मौके पर जिलाउपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड स्तरीय विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, 20 सूत्री कार्यानवान समिति के सदस्य रघुवीर यादव, रंजीत पांडेय, मीना देवी, युवा नेता मनोहर यादव, प्रयाग प्रसाद, वारिस अंसारी, मनोवर अंसारी 20 सूत्री सदस्य पदमा नईम जावेद, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो0 क्यूम, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, छ्ठु गोप रघुनन्दन यादव ,गाजो यादव ,मनोहर यादव, मनोज रविदास ,मीडिया प्रभारी मो0 तौ. कीर रजा, मो0 रिजवान अली, मो गुलजार , मो वारिश ,पदमा प्रखण्ड सचिव मो जफरुद्दीन, मो कमाल, मो गयूर , गुलाम सरवर, मो इसराफिल , मो इजहार, मो असलम , मो सेराज ,मो सफीक, मो कलीम, जीतू ठाकुर, इमरान खान , राकेश रजक, फिरदौस खान, प्रयाग प्रसाद ,मो शमसुल, मो जसीम , जियाउद्दीन अहमद ,मो इक़बाल, मो निजामुद्दीन , आफताब कुरैशी ,मो यूसुफ, मो रियाज, आमना खातून , कौशल्या देवी , पूजा कुमारी ,आशा देवी अफसाना खातून आदि लोग मौजूद थे।

## स्कूल में बाउंड्री वॉल नही, लबालब भरे तालाब से जान का खतरा





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मदनपुर की हालत खराब है। विद्यालय में बाउंड्री वॉल नही है, विद्यालय से मात्र 100 मीटर की दूरी में एक तालाब है जिसमे लबालब पानी भरा हुआ है। बाउंड्री ना होने से बच्चे हादसे का शिकार हो सकते है। साथ ही विद्यालय के आस पास काफी घना जंगल है जिसके कारण हमेशा डर बना रहता है। इस विद्यालय में एक सहायक अध्यापक और 45 छात्र हैं। विद्यालय के आस पास काफी झाड़ियां है। शिक्षक अरुण कुमार चंद्रवंशी ने बताया की विद्यालय के नजदीक तालाब है। जो बरसात के मौसम में हमेशा पानी से भरा होता है विद्यालय में छोटे छोटे बच्चे पढ़ते है। जो कभी कभी शरारत भी करते है। स्कूल से लौटते समय बच्चो को ध्यानपूर्वक तालाब पार करवाना पड़ता है। बच्चों के थोड़ा लापरवाही से एक बड़ी घटना घट सकती है। जिसको लेकर उन्होंने अपने विभाग से विद्यालय में बाउंड्री वॉल करवाने की मांग किया है।




## संस्कार युक्त शिक्षा ही है हमारी एकल विद्यालय की पहचान : कृष्णा प्रजापति

### एकल विद्यालय सेवाव्रती कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय आवासीय मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

### नियमित एकल विद्यालय संचालन , पौधारोपण एवं गौपालन पर जोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पठन पाठन सामग्री एवं उपहार वितरण करते अतिथि

एकल ग्राम संगठन के द्वारा संचालित एकल विद्यालय हजारीबाग अंचल के सेवाव्रती कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय मासिक समीक्षा बैठक अंचल कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता ओम प्रकाश कुमार एवं संचालन संदीप चंद्रवंशी एवं कपिल महतो ने किया। बतौर मुख्य अतिथि हज़ारीबाग़ अंचल समिति के सचिव कृष्णा प्रजापति समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में हजारीबाग अंचल के सभी 16 संच के संच प्रमुख सहित अंचल समिति के सभी सेवावर्ती कार्यकर्ता शामिल हुए । बैठक में संचवार पिछले एक माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई । जिसमें सभी संच प्रमुखों ने अपना अपना प्रतिवेदन जमा किया । प्रतिवेदन के माध्यम से पिछले एक माह में किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई । बतौर पर्यवेक्षक पहुंचे हजारीबाग अंचल समिति के सचिव कृष्णा प्रजापति ने सभी संच प्रमुखों का प्रगति रिपोर्ट की जांच कर जरूरी दिशा निर्देश दिए । मौके पर सचिव के द्वारा सभी महिला संच प्रमुखों को साड़ी एवं पुरुष संच प्रमुखों को छाता बतौर उपहार भेंट की गई । इसके अलावा अंचल के सभी सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को भी गिफ्ट दिया गया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को एकल विद्यालय के नियमित संचालन करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक एकल विद्यालय ग्राम में पौधरोपण, गौपालन एवं लोहे की कड़ाही को उपयोग करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बरही में करवाने का निर्णय लिया गया। मौके पर ओम प्रकाश कुमार,कपिल महतो, मनोज कुमार, संदीप चंद्रवंशी, महेंद्र कुमार, शीला देवी, जयंती देवी, मीणा देवी, नन्दकेशरी देवी, सुषमा राणा, नरेश पासवान, संजु देवी, रूपा देवी, गीता देवी, देवंती देवी , सरिता देवी सहित कई सेवाव्रती कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बच्चों के शैक्षणिक विकास में अभिभावक का भी अहम रोल होनी चाहिए : रामपदारथ शर्मा

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में अभिभावक एक शिक्षक विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


गोष्ठी में शामिल प्रबुद्धजन

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय सह वाचनालय बरही में सोमवार देर शाम भारतीय शिक्षण मंडल बरही के द्वारा अभिभावक एक शिक्षक बिषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर राम पदार्थ शर्मा एवं संचालन संयोजक राजेश कुमार में की । गोष्ठी वक्ताओं ने बताया गया कि यह विषय काफी मंथन करने वाला है । अभिभावक शिक्षक और छात्र के बीच की कड़ी हैं । रामपदारथ शर्मा ने कहा कि माता-पिता बच्चों के लिए प्रथम शिक्षक व पाठशाला हैं ।आज शिक्षकों और अभिभावकों के सामने बच्चों का सुंदर भविष्य व चरित्र निर्माण करने की चिंता है । आज भी गुणवत्ता युक्त शिक्षा से ही बच्चों का सही मार्गदर्शन किया जा सकता है ।आवश्यकता है कि अभिभावक बच्चों पर प्रारंभ से ही ध्यान दें । डॉ संजय वर्णवाल ने कहा कि अभिभावक भी एक शिक्षक के समान ही चिंतन भी करें । उचित मार्गदर्शन से बच्चे संस्कारित होते हैं । हमारे संस्कार बच्चों पर गहरा प्रभाव डालते हैं । त्रिवेणी साहू ने कहा कि संस्कारवान बच्चे माता पिता के लिए पूंजी होते हैं ।अभिभावक के रूप में हमें बहुत क्रूर और बहुत कठोर नहीं होना चाहिए ।बच्चों को काम करने के लिए सिखाना चाहिए ।बच्चों को श्रम की गरीमा व समय का मोल बताना चाहिए स राजेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को आलस्य त्याग कर पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। गलत करने पर बच्चों को कठोर वाणी में नहीं बल्कि शांत चित से समझाएं । आज की इस गोष्ठी में राजेंद्र ठाकुर प्रो . डॉक्टर संजय वर्णवाल ,त्रिवेणी साव , राजेश कुमार सहित कई प्रबुद्धजन लोग मौजूद रहे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक उमाशंकर अकेला ने करियातपुर में किया उपस्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**








बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मंगलवार को करियातपुर में लगभग 25 लाख के लागत से बनी उपस्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की आपका क्षेत्र बदहाली से जूझ रहा था। हमारी सरकार ने जो विकास का बीज बोया था आज आपको खुद देखने को मिल रहा है। यहां की जनता बहुत ही सुझबुझ से यहां के नेता को चुने है जो आपके क्षेत्र को विकास के पटरी पर ला दिया है। इस उपस्वास्थ्य केंद्र के खुलने से करियातपुर पंचायत एवं आस पास के क्षेत्र की मां बहन इलाज से वंचित नही रहेगी। इस अस्पताल में लोगो को हर समय स्वास्थ्य सुविधाएं एवं दवा मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी।जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की आज बहुत ही खुशी की बात है की करियातपुर में उपस्वास्थ्य केंद्र खुलने से अब आस पास के ग्रामीणों को इलाज करवाने के लिए बरही नही जाना होगा। जिससे लोगो के समय में भी बचत होगा साथ ही आसानी से अपना इलाज करवा पाएंगे। मौके पर जिला जीप उपाध्यक्ष बीडीओ सी.आर.इंदवार, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, मुखिया मनोज कुमार, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, टिंकू केशरी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## राम भरोसे चल रहा है खवासडीह गांव में आंगनबाड़ी केंद्र

**अपेम लाइव : संतगांवा**




सतगावां प्रखंड के खवासडीह बिरहोर टोला आंगनबाड़ी केंद्र राम भरोसे चलने का मामला प्रकाश में आया है ।बताया जाता है कि सेविका के द्वारा मनमानी ढंग से केंद्र का संचालन किया जाता है ।जो सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं।और सरकारी नियमों को ताक पर रख आंगनबाड़ी केंद्र खुलने के समय बंद रहता है।हालांकि जिले के वरीय पदाधिकारी के द्वारा बार–बार आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को आंग. नबाड़ी केंद्र को सही तरीके से संचालन करने का कई बार निर्देश देने के बावजूद भी आंगनवाड़ी केंद्र के संच. ालन में कोई भी सुधार नहीं दिख रहा है ।बताया जाता है कि यह केंद्र जल्दी खुलता ही नहीं है। और यह केंद्र की मनमानी ढंग से चलती है ।यहां केंद्र संचालन करने वाले सेविका को अगर कोई भी गांव वाले केंद्र को समय पर खोलने के लिए कहते हैं ,तो उससे झगड़ बैठती है ।इतना ही नहीं सेविका और सहायिका दोनों में से एक भी केंद्र पर उपस्थित नहीं रहती है ।यहां सेविका की दबंगता देखी जाती है ।ऐसी सेविका से केंद्र का संचालन सही तरीके से नहीं हो पाता है। और सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण इस केंद्र पर वरीय पदाधिकारी कभी निरीक्षण में जाते ही नहीं । इसलिए यहां की सेविका मनमानी करती है और इसे कोई वरीय पदाधिकारी का डर भय नहीं है । यह केंद्र सिर्फ नाम मात्र के लिए ही खोलते हैं जिस दिन केंद्र में टीकाकरण आदि का तिथि होता है ।उसी दिन केंद्र का संचालन होता है ।नहीं तो यह केंद्र अधिकांश बंद देखने को मिलता है ।ऐसे में सरकार के द्वारा इस केंद्र के संचालन के लिए लगाई गई सेविका अपने कार्यों एवं दायित्व से हमेशा पीछे रहती है। और इसे देखने वाला कोई नहीं।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीडीओ सी. आर. इंदवार ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक कर सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम कार्यक्रम के तैयारी को लेकर चर्चा की। बीडीओ सी आर इंदवार ने कहा की 12 अक्टूबर को बेंदगी पंचायत ने सरकार आपके द्वार को लगाया जाएगा। साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित मुखिया एवं कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा की निर्धारित तिथि के अनुसार सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगाकर आमजनों की समस्या को सुना जायेगा। आमजनों की प्रखंड स्तरीय समस्या ऑन दी स्पॉट समस्या का निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा की सभी मुखिया के साथ सभी कर्मियों को ईमानदारी पूर्वक कार्य को निर्वहन करते हुए संपन्न कराने की बात कही। साथ ही निर्धारित तिथि के अनुसार अपने– अपने पंचायत में कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार करने की बात कही। ताकि शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचकर अपनी समस्या को रख सके। मौके पर सीडीपीओ, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मंगलदेव यादव, उषा राम, विजय यादव, खिरोधर यादव, विशेश्वर यादव, गोविंद साव, मनोज कुमार, सिकंदर राना, नीलम देवी, मोतीलाल चौधरी, शमशेर आलम, मो ताजुद्दीन, नारायण यादव, हरेंद्र गोप, यास्मीन तबस्सुम, रामचंद्र टुड्डू, छोटन ठाकुर, सहित कई अन्य मौजूद थे।

## शोक सभा का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां प्रखंड मंगलवार को बासोडीह स्थित हनुमान मंदिर के समीप सपा संस्थापक,उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव सोमवार को हुए निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया ।जहां उपस्थित विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा 2 मिनट के मौन रखते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस मौके पर राजद युवा प्रदेश सचिव विक्रम यादव ने कहा कि नेताजी इटावा के सैफई गांव से साइकिल पर निकल कर देश के रक्षा मंत्री की कुर्सी तक पहुंचे एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक व संरक्षक बने वही वह तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे वह देश विदेश के छाप छोड़ने वाले दिग्गज समाजवादी नेता थे। मौके पर उपस्थित मिथिलेश यादव युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण यादव, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जेएमएम पूर्व प्रत्याशी अजीत यादव युवा राजद प्रखंड महासचीव आकाश यादव, सुबोध कुमार, विक्रम कुमार, विकाश, महेश यादव, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

## सुदामा मोसोमात जमीन के लिए लगा रही अंचल कार्यालय की चक्कर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत की सुदामा मोसोमात लगातार जमीन के लिए बरही अंचल कार्यालय का चक्कर काट रही है। विदित हो की सुदामा मोसोमात के पास घर बनाने के लिए जमीन नही है परंतु उसे अंबेडकर आवास आवंटित कर दिया गया है। घर नही होने के कारण पीड़ित महिला इन दिनों सरकारी विद्यालय में रहने के लिए मजबूर है। वहां पर भी उसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा परेशान किया जाता है। उन्होंने बताया की सीओ को कई बार जमीन उपलब्ध कराने के लिए कई बार आवेदन दिया गया है। परंतु अभी तक मुझे जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सतगावां प्रखंड मुख्यालय स्थित अनशन पर बैठी झामुमो नेत्री ब्यूटी कुमारी का अनशन बीडीओ के आश्वासन पर टूटा

**अपेम लाइव : संतगांवा**




सतगावां प्रखंड मुख्यालय में अनशन पर बैठी झामुमो नेत्री ब्यूटी कुमारी का बीडीओ के आश्रासन पर पर अनशन मंगलवार को टूटा।ज्ञात हो की सिहास में जानकी महतो के घर से कुआं तक नाली निर्माण एवं ढक्कन निर्माण कार्य की गई थी।जिसमें भुगतान नहीं होने के कारण लाभुक को काफी परेशानी हो रही थी।और लाभुक के द्वारा कई बार पंचायत कार्यालय व प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही थी।इसी बीच मुखिया व पंचायत सेवक के द्वारा किए गए कार्य का भुगतान करने से साफ इंकार कर दिया।इसके बाद झामुमो महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्यूटी कुमारी अनशन पर बैठ गई।24 घंटे के अनशन के बाद बीडीओ बैद्यनाथ उरांव के आश्वासन पर किए गए कार्य में 15 दिन में भुगतान करवाने के आश्रासन पर अनशन टूटा।मौके पर राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दाँगी,झामुमो नेता अजीत भगत, प्रवीण यादव, धनंजय यादव, ब्रह्मदेव यादव,सुरेंद्र पांडेय,विक्रम यादव, विकास कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विस्थापितों की समस्या के समाधान को लेकर 16 को श्रीनगर में होने वाली निवेदन समिति के सदस्यों की बैठक अगले सूचना तक स्थगित : अब्दुल मनान वारसी एंव छठू गोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड के 52 मौजा विस्थापितों की समस्या के समाधान को लेकर 16 अक्टूबर को बरही प्रखण्ड के बरसोत पंचायत स्थित श्रीनगर गाँव मे निवेदन समिति के सभी विधायक सदस्यों के साथ प्रशासनिक पदाधिकारियो की बैठक अगले सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। उक्त सूचना बरही प्रखण्ड के कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने दिया। उन्होंने कहा कि 17 अक. टूबर को कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर दिल्ली में चुनाव सम्पन्न होना है, जिसमें कांग्रेस के सभी विधायक उसमें अपना मत का प्रयोग करेंगे, इस दौरान 16 अक्टूबर को द निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला एवं नि. वेदन समिति के अन्य सदस्य विधायक दिल्ली जाएंगे, जिसको लेकर उक्त कार्यक्रम अगले सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। पुनः छठ पूजा के बाद उक्त बैठक होगा जिसमें हडाही गांव के विस्थापित जो आकर श्रीनगर में बसे है, जिनको आज तक किसी प्रकार का भूमि से संबंधित कागजात उपलब्ध नही करवाया गया है सहित अन्य विस्थापितों की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करने का कार्य किया जाएगा।

## कर्णपुरा कॉलेज में यौन उत्पीड़न एवं रैगिंग को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय में यौन उत्पीड़न विरोधी एवं आंतरिक शिकायत तथा एंटी रैगिंग सेल पर कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो की अध्यक्षता में की गई। जिसमें प्रभारी प्राचार्य ने यौन उत्पीड़न एवं रैगिंग के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला तथा छात्र छात्राओं को बताया कि यौन उत्पीड़न छात्राओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास को अवरुद्ध करता है। कार्यक्रम का संचालन यौन उत्पीड़न विरोधी एवं आंतरिक शिकायत की समन्वयक प्रोफेसर अनु कुमारी ने की। इन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न, आंतरिक शिकायत एवं रैगिंग होने पर निडरता पूर्वक सामने आकर इसकी शिकायत करें।ताकि समस्या का समाधान उचित रूप से किया जा सके।

समन्वयक प्रोफेसर नि. रंजन प्रसाद नीरज जी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को यौन उत्पीड़न एवं रैगिंग होने पर तुरंत इसकी शिकायत महाविद्यालय में करें ताकि सेल से जुड़ी कमिटी के सदस्य एवं जरुरत पड़ने पर कानूनी सहायता से शिकायत का निवारण किया जा सके। कार्यक्रम में प्रोफेसर फखरुद्दीन, प्रोफेसर सुरेश महतो, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रोफेसर किशोर प्रसाद दांगी, प्रोफेसर चंद्रशेखर राणा, सनवीर कुमार, नेम धारी, नागेश्वर ,राजेंद्र धनु नाथ महतो, धनेश्वर महतो एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## चौपारण भाग दो का मासिक गोष्टि मध्य विद्यालय सेलहारा में हुवा आयोजित

### सरकारी विद्यालय व बच्चो के पोशाक का बदलेगा रंग, राशि भेज दिया गया है : बीईईओ





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

मध्य विद्यालय सेलहारा में चौपारण भाग एक का मासिक गोष्टि का आयोजन किया गया। बैठक की अगुवाई बीईईओ राकेश कुमार ने व संचालन शिक्षक विजय कुमार ने किया। रोटेशन के तहत पहली बार मासिक गोष्ठी का बैठक मुख्यालय से हटकर विद्यालय में किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक व बच्चो ने बीईईओ राकेश कुमार व भाग दो के सभी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापकों का भव्य स्वागत किया गया। बच्चो ने तिलक लगाकर व फूल देकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बीईईओ राकेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार विद्यालय का रंग व बच्चो के पोशाक का रंग बदला जाना है। राशि संबधित विद्यालय के एसएन खाता में भेज दिया गया है। बैठक में एमडीएम, साईकिल, छात्रवृति, प्रतिदिन एसएमएस करना आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। एसआरपी जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि हमारे विद्यालय परिवार का सौभाग्य है कि भाग दो के सभी प्रभारी शिक्षकों के स्वागत करने का अवसर मिला। बैठक के बाद शिक्षको ने स्वादिष्ठ व्यंजन का लुफ्त उठाया। बैठक में शिक्षक सुरेश सिंह, राकेश कुमार, नंदकिशोर, राजेश कुमार, संजय सिन्हा, बसन्त दास, सीताराम यादव, कैलाश साव, दुगेश्वर महतो, रामदेव साव, विष्णुधारी राम, जुमीराती अंसारी, बिनोद किस्कू, केदार सिंह, महेश महतो, अर्जुन ठाकुर, बिनय रजक, बिनोद यादव, अनिल यादव, शबाना शहजादी, सरिता शर्मा, हेमलता कुमारी, बसंत कुमार, ओम प्रकाश पांडेय, अमृत रविदास, रामदेव यादव, बलभद्र राम, शंकर सिन्हा, बीपीएम मो आरिफ अंसारी, बीआरसी कर्मी गिरधारी महतो, किशोर कुमार, शशि कुमार, बैठक को सफल बनाने में सेलहारा स्कुल के शिक्षक सेलहारा स्कूल के शिक्षक रामखेलावन रविदास, एसआरपी जनार्दन प्रसाद वर्मा, जन्मजेय सिंह, विजय कुमार, विजय प्रसाद, राजेन्द्र रविदास, रामचंद्र साव, राकेश सिंह, डैजी सिंह, सिंह रंगीना कुमारी आदि ने महती भूमिका निभाई।

## पूर्व विधायक ने सांसद प्रतिनिधि के मृतक पिता को दिया श्रद्धाजंलि, श्राद्ध में हुए शामिल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



सांसद जयन्त सिन्हा के मंडल सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी के मृतक पिता को श्रद्धाजंलि देने उनके पैतृक गाँव टिटहीं पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूर्व विधायक ने मृतक आत्मा की शान्ती का कामना किया। पीड़ित परिवार को सांत्वना देने हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बा. बूलाल चनद्रवंशी जी ज्यादातर अपना जीवन सामाजिक कार्यो में व्यातित किए। उनके कार्यो को समाज हमेशा याद रखेगी। हम सबके लिए बाबुलाल जी स्वर्गवास अपूरणीय छति है। भगवान उनके आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे। मौके पर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुकुन्द साव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजेश सहाय, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, सुधीर कौशल, पप्पू चनद्रवंशी, राजेश रवानी, प्रदीप चनद्रवंशी, बिरेन्द्र चनद्रवंशी, ज्ञानी चनद्रवंशी, देवल यादव, अशोक राम, सुरेंद्र यादव, सहदेव प्रसाद, विकास रजक, यादव, रामस्वरूप पासवान, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश साव, कांग्रेस नेता बिनोद यादव, नरेश साव, गोपाल विश्वकर्मा, लालेश गुप्ता, दीपक गुप्ता सहित सैकड़ो लोग सम्मिलित हुए।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


## विष्णुगढ़ में ऑटो पलटने से महिला घायल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


` पड़वा पोखर में मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त ऑटो

विष्णुगढ़ के खरना रोड पड़वा पोखर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पास मंगलवार को एक अ0टो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। जिसमें एक महिला यात्री को छोड़कर दो लोगों को हल्की चोटें आई है। बताया जाता है कि जीटी रोड अटका से खरना होते हुए अ0टो विष्णुगढ़ की ओर आ रही थी। ऑटो के ऊपर लगेज में क्षमता से अधिक भार का लोहे का एंगल आदि लदा हुआ था। अधिक भार होने तथा घुमावदार सड़क होने के कारण ऑटो सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़े और ऑटो पर सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। ऑटो में चालक समेत कुल तीन लोग सवार थे। घायलों को स्थानीय एक निजी चिकित्सक के पास इलाज के बाद भेज दिया गया।

## नदी में आया अचानक बाढ़, बाइक के साथ नदी में बह गया युवक, बाइक बरामद, नही मिला शव





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

प्रखंड अंतर्गत अति उग्रवाद प्रभावित व जंगल से सटे चोरदाहा पंचायत के जंगली क्षेत्र सिलोदर के गोही नदी में अचानक बाढ आने से एक व्यक्ति के डुबने की सुचना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने बताया कि सोमवार देर शाम प्रेम दांगी, ग्राम नीमा, चौपारण अपने लुना से जंगल के रास्ते भरारी (बिहार) जा रहा था। प्रेम प्रतिदिन चौपारण बाजार में सब्जी बेचकर बिहार स्थित अपने घर जाता था बताया कि सिलोदर के गोही नदी से उपर पुलिया के उपर से पानी जा रहा था। अंदेशा लगाया गया कि पुलिया छोटा रहने के कारण पानी में बह गया। पानी का जल स्तर कम होने पर कुछ दूर पर बाइक बरामद कर लिया गया। घटना के घंटों बाद मंगलवार से राहत बचाव कार्य आरंभ किया गया परंतु खबर लिखे जाने तक डुबे व्यक्ति के शव को नहीं खोजा जा सका था। पुलिस ने बताया कि आसपास के थानों को सूचित कर दिया गया है। कहा हमारी टीम लगातार खोजबीन में लगा हुवा है।

## विष्णुगढ़ में आपकी सरकार, आपके द्वार जागरूकता वाहन को किया गया रवाना

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



जागरूकता वाहन को रवाना करते बीडीओ समेत अन्य

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जागरूकता को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय से मंगलवार को जागरूकता वाहन को रवाना किया गया। बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लोगों की जागरूकता के प्रसार के लिए रवाना किया। बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने बताया कि विष्णुगढ़ प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत 12 अक्टूबर से होगी। 22 अक्टूबर को प्रथम चरण के कार्यक्रम का समापन हो जाएगा। वहीं, द्वितीय चरण की शुरुआत 01 नवंबर से होगी, जिसका समापन 14 नवंबर को होगा। इस कार्यक्रम में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके तथा योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचे। इसके लिए लोगों में जागरूकता के उद्देश्य से वाहन को विभिन्न पंचायतों में रवाना किया गया है। वाहन हरेक पंचायतों में भ्रमण कर लोगों को इस कार्यक्रम में लोगों को शामिल होने की अपील करेगी। मौके पर सीओ रामबालक कुमार, बीस सूत्री सदस्य कपिलदेव चौधरी, अब्बास अंसारी, हिरामन महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

